दिनांकः 26.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्वक जारी है। सुबह 11 बजे तक 26 दशमलव आठ चार प्रतिशत वोट डाले गये। सबसे अधिक 30 प्रतिशत वोट बांसवाड़ा में डाले गये। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान का सिलसिला नौ बजे तक 11 दशमलव सात आठ फीसदी रहा। आज टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां सीटों के लिए मतदान हो रहा है। वहीं बांसवाड़ा की बागीदौरा विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में सुबह 11 बजे तक 31 फीसदी वोट डाले गये।
लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाने के लिए लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। पहली बार वोट डालने वाले नव मतदाता भी अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। साथ ही प्रमाण पत्र देने की निर्वाचन विभाग की पहल की सराहना कर रहे हैं। बाड़मेर के नरसाली नाड़ी गांव में 113 वर्षीय रूपो देवी ने मतदान केन्द्र तक पैदल पहुंचकर वोट डाला। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर शतायु मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त करने का संदेश दिया। होम वोटिंग सुविधा के विकल्प के बावजूद कई विशेष योग्यजन मतदाता भी पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं।
कोटा के पोलाई कलां, डूंगरपुर के दाद सलाखड़ी और सलूम्बर के सराणा क्षेत्र के गामड़ी में बने मतदान केन्द्रों पर लोग नाव के जरिये पहुंच कर लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। जयसमंद झील के टापूओं में बसे लोग भी मतदान को लेकर जागरुक हैं और नाव में सवार होकर मतदान केन्द्रों पर पहुंचर रहे हैं। वहीं बूंदी सहित अन्य क्षेत्रों में बने सांस्कृतिक मतदान केन्द्रों पर गीतों के जरिये मतदान की अलख जगायी जा रही है। बारां जिले के किशनगंज में सहरिया स्वांग नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।
शाहपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में बने ईको फ्रेंडली मतदान केन्द्रों की सजावट भी देखते ही बन रही है। कई स्थानों पर सजे–धजे नव विवाहित जोड़े वोट डालने पहुंच रहे हैं। वहीं सिरोही और बांसवाडा में आदिवासी महिलाएं परम्परागत आभूषणों और परिधानों में सजधज कर मतदान उत्सव में हिस्सा ले रही हैं। जोधपुर में महिलाएं ढोल नगाडों के साथ मतदान केन्द्र पहुंच रही हैं। विभिन्न शहरी और मतदान केन्द्रों में पुलिस वैन बूथों पर पहुंचकर भयमुक्त मतदान का संदेश दे रही हैं।
दूसरे चरण के इन 13 संसदीय क्षेत्रों में 2 करोड़ 80 लाख पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 1 करोड़ 44 लाख से अधिक पुरूष और 1 करोड़ 36 लाख से ज्यादा महिला मतदाता हैं। 324 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। इनके लिए 28 हजार 758 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। 1 लाख 72 हजार से अधिक कर्मचारी मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं। राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, आरएसी और सीएपीएफ के 82 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगों की ओर से प्रबंधित मतदान केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। दूसरे चरण के सभी 13 संसदीय क्षेत्रों में आज सार्वजनिक अवकाश है। मनरेगा श्रमिकों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। वोटर आईडी नहीं होने की स्थिति में कोई भी मतदाता आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज़ में से कोई एक दिखाकर वोट डाल सकते हैं।

....

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान दिवस पर आज ताजा अपडेट श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी जयपुर से विशेष बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। दोपहर तीन बजे हिन्दी में और शाम पांच बजे राजस्थानी में पांच–पांच मिनट के विशेष बुलेटिन प्रसारित होंगे।

....

पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज कोटा, बूंदी, झालावाड और भीलवाडा में हल्की बारिश हुई। बांसवाडा में रिमझिम बरसात का दौर जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज उदयपुर, कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कुछ भागों में आंधी और बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

....